प्रतिवेदन

परियोजना का नामः— जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड भैसियाछाना के अन्तर्गत करान बैण्ड से ग्राम—तिमुरी तक मोटर लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण (लम्बाई 7.00 किमी0)।

उक्त मोटर मार्ग की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शा0सं0— 1306(A)/III(2)/19—52(एम0एल0ए0)/17, दि0 07.03.2019 द्वारा लम्बाई 7.00 किमी0 रू0 21.20 लाख की प्राप्त हुई हैं। सर्वेक्षण के उपरान्त मार्ग की वास्तविक लम्बाई 7.00 किमी0 आती है। इस मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम—खाकरी(तोक तिमुरी) के ग्रामवासियों को लाभ प्राप्त होगा।

मोटर मार्ग का भूगर्भीय सर्वेक्षण कर लिया गया है। जो उचित पाया गया इसका समरेखन अधीक्षण अभियन्ता से स्वीकृत है। उक्त मोटर मार्ग अल्मोड़ा—बाड़ेछीना—सेराघाट मोटर मार्ग के किमी0—21 से प्रारम्भ होता है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। गांव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के और नए अवसर मिलेंगे। गांव में अत्यधिक सब्जी का उत्पादन होता है। ग्रामवासी अपने उत्तपादित फल, सब्जी, अनाज आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पाएंगे साथ ही गांव विकास की ओर अग्रसर होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे व पलायन रूकेगा।

इसके अतिरिक्त अल्मोड़ा जिला पर्यटन की दृष्टि से भी अग्रणीय है। सड़क बनने से इस क्षेत्र में पर्यटन की भी सम्भावनाऐं हैं। सड़क की व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीण जनता को यातायात की सुविधा नहीं मिल पा रही है। उत्तराखण्ड शासन द्वारा उक्त ग्रामों को जोड़ने हेतु मोटर मार्ग स्वीकृत किया गया है।

ग्राम— खांकरी(तोक तिमुरी) मोटर मार्ग के निर्माण से लाभान्वित होगा। सड़क बनने से निश्चित रूप से क्षेत्र का विकास होगा। उक्त मोटर मार्ग से 2.00 किमी0 दूरी पर बिनसर अभ्यारण्य क्षेत्र आता है। किसी भी सेन्च्युअरी से 2.00 किमी0 मोटर मार्ग निर्माण हेतु वन्य जीव प्रतिपालक से स्वीकृति ली जानी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से यह प्रस्ताव गठित कर प्रस्तुत किया गया हैं। इस मोटर मार्ग के निर्माण से वन्य जीव प्रभावित नहीं होते हैं।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0विभाग
अल्मोड़ा

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0विभाग
अल्मोड़ा

Scanned with CamScanner